COVID-19 के मामले की पुष्टि के बाद माता-पिता/देखभालकर्ताओं के लिए स्कूल बंद होने से सम्बन्धित सलाह

First date school will be non-operational
वह पहली तिथि जब से स्कूल संचालन नहीं करेगा

Monday 16 August 2021

हम यह बताना चाहते हैं कि NSW Health ने हमारे स्कूल के जन समुदाय में COVID-19 का मामला होने की पुष्टि की है। सभी कर्मचारियों और विद्यार्थियों से यह निवेदन किया जाता है कि वे अगली सलाह मिलने तक सेल्फ-आइसोलेट (एकाँतवास) करें। स्कूल ऊपर बताई तिथि से संचालन करना बंद करेगा ताकि कांटेक्ट ट्रेसिंग (संपर्कों का पता लगाया जा सके) और स्कूल की साफ-सफाई की जा सके। उस तिथि के बारे में आगे चलकर सलाह दी जाएगी जब स्कूल के स्थल पर फिर से शिक्षा प्रदान करनी शुरू की जाएगी।

NSW Health यह निवेदन कर रहा है कि यदि कोई अस्वस्थ है या किसी व्यक्ति को बुख़ार, खांसी, गले में खराश, सांस फूलने, नाक बहने, गंध/स्वाद के आभास के खो जाने, मांसपेशियों/जोड़ों में दर्द, दस्त, ऊबकाई/उल्टी आना या बहुत ज्यादा थकावट होती है तो वह किसी COVID-19 testing clinics पर टेस्ट करवाए। यदि आपका टेस्ट हुआ है, तो टेस्ट करने वाली क्लिनिक के परामर्श का अनुपालन करें।

COVID-19 से सम्बन्धित अधिक जानकारी, जिसमें अनुवादित जानकारी शामिल है, NSW Health website पर उपलब्ध है।

हमारे कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा और उनका कल्याण हर समय हमारे लिए सर्वोत्तम रूप से महत्वपूर्ण है। NSW का शिक्षा विभाग NSW Health के साथ करीबी से काम करना जारी रखेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा को बनाए रखे जाता है।

आपके निरंतर सहयोग के लिए आपका धन्यवाद।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया अपने स्कूल के प्रिंसिपल से बात करें। यदि अपनी पूछताछ के साथ सहायता के लिए आपको दुभाषिए की ज़रूरत है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें। ऑपरेटर को फोन नम्बर बताएँ जिसपर आप कॉल करना चाहते/चाहती हैं और बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर लाइन पर दुभाषिए को लाएगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।